Ans. (b) – जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डी.आर.डी.ए.) का वर्ष 2003 में राजस्थान जिला परिषद के साथ विलय कर दिया गया।

197. निम्नलिखित में से कौनसा (राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक स्मारक-स्थल) सही सुमेलित है?

(a) सेन्द्रा ग्रेनाईट-पोखरण (जैसलमेर)
(b) अकाल वुड फॉसिल पार्क -मंडौर (जोधपुर)
(c) स्ट्रोमेटोलाइट फॉसिल पार्क-तलवाड़ा (बांसवाड़ा)
(d) महान सीमा भ्रंश -सतूर (बूंदी)

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (d) – राजस्थान में महान सीमांत भ्रंश का फैलाव बूंदी और सवाई माधोपुर की पहाड़ियों के सहारे फैला हुआ है। अन्य सही सुमेलित है-

सेन्द्रा ग्रेनाइट	-	शेरगढ़
अकाल वुड फॉसिल पार्क	-	पोखरण (जैसलमेर)
भोजुंडा स्ट्रोमेटोलाइट फॉसिल पार्क	-	चित्तौड़गढ़

198. निम्न में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) अवनि लेखरा-राइफल शूटर
(b) अपूर्वी चंदेला-निशानेबाजी
(c) अर्जुन लाल जाट-नौकायन
(d) देवेन्द्र झाझरिया-भाला फेंक

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (a) – अवनि लेखरा राजस्थान के जयपुर की रहने वाली एक भारतीय पैरालिंपियन और राइफल शूटर हैं। इन्होंने टोक्यों पैरालंपिक में 10 मी. एयर राइफल में स्वर्ण पदक तथा 50 मी. राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीता है।

199. 'पलाण' क्या है?

(a) घोड़े पर रखी जाने वाली काठी
(b) ऊँट पर रखी जाने वाली काठी
(c) गोरबन्द का समानार्थी शब्द
(d) एक लोक वाद्य यंत्र

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (b) – ऊँट पर रखी जाने वाली काठी को पलाण कहते हैं। ऊँट के सवार को सारवाण कहा जाता है। मारवाड़ी में ऊँट बैठने को झैकण कहा जाता है।

200. स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शहरों की रैंकिंग में राजस्थान से उदयपुर को कौन सी रैंक मिली?

(a) 22वीं (b) 10वीं
(c) 5वीं (d) 28वीं

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (c) – स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत शहरों की रैंकिंग में उदयपुर (राजस्थान) का स्थान 2021 में 5वाँ (राजस्थान में प्रथम) था, जबकि अप्रैल 2022 की रैंकिंग में उदयपुर दूसरे स्थान पर पहुँच गया है। सूरत को पहला स्थान प्राप्त हुआ है।स्मार्ट सिटी की रैंकिंग केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी की जाती है। इस रैंकिंग में राजस्थान के तीन और शहर अंडर-20 में जगह बनाने में सफल हुए। जयपुर (7वें), कोटा (16वें), अजमेर (18वें) अंडर-20 शहर मे जगह बनाने में सफल हुए।

201. अप्रैल 2022 में, जारी 100 स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में उदयपुर को कोन सा स्थान मिला है?

(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (b) : उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

202. भारत सरकार द्वारा जुलाई 2021 में प्रदान की गई ऑनलाइन रैंकिंग में राजस्थान का कौन सा शहर राजस्थान के स्मार्ट शहरों में शीर्ष स्थान पर रहा?

(a) उदयपुर (b) अजमेर
(c) कोटा (d) जयपुर

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

203. राजस्थान में कौन सी जगह पटवारी ट्रेनिंग स्कूल नहीं है?

(a) टोंक (b) कोटा
(c) अलवर (d) चित्तौड़गढ़

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (d) – राजस्थान में पटवारी ट्रेनिंग स्कूल की संख्या 6 है। ये स्कूल टोंक, कोटा, देवखेड़ा (अलवर), देबारी (उदयपुर), जोधपुर व गजसिंहपुर (गंगानगर) में स्थित है। चित्तौड़गढ़ में पटवारी ट्रेनिंग स्कूल नहीं है।

204. सूची- I का सूची- II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए-

(a) महाराणा प्रताप आर्म्ड बटालियन (i) उदयपुर
(b) सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय (ii) जयपुर
(c) पहला महिला कर्मचारी पुलिस थाना (iii) जोधपुर
(d) मेवाड़ भील कोर (iv) प्रतापगढ़

कूटः

(a) a-(iii) b-(ii) c-(iv) d-(i)
(b) a-(i) b-(iii) c-(iv) d- (ii)
(c) a-(iv) b-(iii) c-(ii) d- (i)
(d) a-(ii) b-(iii) c-(iv) d-(i)

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (c) – सही सुमेलन निम्न है-

महाराणा प्रताप आर्म्ड बटालियन	-	प्रतापगढ़
सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय	-	जोधपुर
पहला महिला कर्मचारी पुलिस थाना	-	जयपुर
मेवाड़ भील कोर	-	उदयपुर

205. मणि कौल की फिल्म 'दुविधा' किसकी कृति पर आधारित है?

(a) कन्हैया लाल सेठिया (b) यादवेन्द्र शर्मा
(c) विजयदान देथा (d) नथमल जोशी

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III